## सार-समाचार

### बांठिया ने मनाया दीपोत्सव, बांटी मिठाई

**बालोतरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने दीपोत्सव पर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ व बिठुजा में कालबेलिया व मेघवाल समाज के लोगों के साथ उनका मुंह मीठा करवा कर व क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आकर यहां काम करने वाले मजदूरों के साथ दीपोत्सव की खुशियां बांटी। दीपोत्सव पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद, गरीब व कच्ची बस्तियों सहित ग्रामीण अंचलों में पहुंच कर मिठाई व पटाखें बांटकर दीपावली का त्यौहार सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर बांठिया ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा पर्व तभी सार्थक है जब हम अपने देश में बने उत्पादों का उपयोग करें। दीपावली पर स्वदेशी दीपक, सजावट सामग्री और वस्त्र खरीदकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सकते हैं।बांठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आत्मसात करते हुए हर व्यक्ति को गांव-गांव में स्वदेशी उत्पादों को बढावा देना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विदेशी सामानों का बहिष्कार कर स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों को समर्थन दें। गणपत बांठिया ने बताया कि शहर में बाहरी राज्यों से आये मजदूर जो दीपावली को घर नही गए उनके साथ मिठाई खिलाकर मिठाई बाटते हुए पटाखे देकर खुशियां मनाई। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह करणोत, बाबूलाल भन्साली,दिनेश बारुलाल, जीतू बारूपाल, नेमीचंद, संतोष गर्ग, रामनाथ कालबेलिया सहित भाजपा कार्यकर्ता व ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे।

### पुष्पेन्द्र परमार राज्य टीम के प्रशिक्षक

**जालोर,** (कासं)। 69वी राष्ट्रीय विधालय खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत बॉक्सिंग 17 वर्ष छात्र दल के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पुष्पेन्द्र परमार राजस्थान टीम के प्रशिक्षक होंगे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरणा के प्रधानाचार्य मानक लाल गर्ग ने बताया कि कार्यालय निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार स्थानीय विधालय के शारीरिक शिक्षक पुष्पेन्द्र परमार 69वी राष्ट्रीय विधालय खेलकूद प्रतियोगिता में बॉक्सिंग 17 वर्ष छात्र - छात्रा दल 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी व टीम के साथ टीम प्रशिक्षण पुष्पेंद्र परमार होंगे। उक्त दल के भाग लेने से पूर्व चयन परीक्षण 17 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चयन किया गया। तत्पश्चात् चयनित खिलाड़ियों का पूर्व प्रशिक्षण शिविर 22 से 25 अक्टूबर तक प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुगलवा, चुरू के तत्वावधान में आयोजित होगा । राजस्थान की टीम चोथी बार राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगी परमार का लगातार तीन बार टीम मैनेजर इस बार टीम प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ है। परमार स्वयं अन्तर्विश्वविधालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के कास्य पदक विजेता हैं व भारतीय खेल प्राधिकरण पटियाला से बॉक्सिंग में खेल डिप्लोमा किया है एवं विश्व विजेता निखत जरीन को भी राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प में ट्रेनिंग देने का अवसर मिला है। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी लहरीराम माली, नरेंद्र परमार, राजस्थान बॉक्सिंग संघ के महासचिव नरेन्द्र निर्वाण, जालोर जिले के शारीरिक शिक्षक साथी, बॉक्सिंग खेल से जुडे हुए खिलाड़ी व विद्यालय स्टाफ ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

### वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**जोधपुर,** (कासं) । शहर में मंगलवार को पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर जोधपुर के पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की अगुवाई पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने की। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी स्मृति में हवाई फायर कर सशस्त्र सलामी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त शाहीन सी और विनीत कुमार बंसल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विशेष रूप से आयोजित परेड में जवानों ने अनुशासन और सम्मान का परिचय देते हुए शहीदों को नमन किया। शहीद ताराचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने भी शिरकत की और अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी। आयोजन में सभी एडीसीपी, एसीपी, थानाधिकारी, और पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कर्तव्य, शौर्य और बलिदान के प्रतीक उन वीर शहीदों को समर्पित रहा, जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।

### आर्य वीरों ने निर्वाण दिवस मनाया

**जालोर,** (कासं)। आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर के तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के 141 वें निर्वाण दिवस एवं शारदीय नवसस्येष्टी पर्व पर यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य वीरों ने व वीरांगनाओं ने आहूतियां अर्पित कर राष्ट्र में शांति ,सुख और समृद्धि की कामना की। आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद युगदृष्टा थे। उन्होंने वेदों को पुन: स्थापित कर समग्र मानव जाति के कल्याण की बात कही। आज महर्षि दयानंद के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। आर्य वीर दल राजस्थान के अघिष्ठाता विनोद आर्य ने महर्षि दयानंद का दीपावली के दिन अजमेर में निर्वाण हुआ था। उन्होनें सत्यार्थ प्रकाश सहित कई महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचना की। महर्षि दयानंद ने छुआछूत, स्त्री शिक्षा, सती प्रथा , नारी उदार सहित कई समाज सुधार के कार्यो किए। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद से प्रभावित होकर 80 प्रतिशत से अधिक क्रांतिकारियों ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया। वे सन्यासी होने के उपरांत स्वदेशी भाषा व स्वराज्य के लिए अपना सर्वस्व निछावर किया। इस अवसर पर महर्षि दयानंद सरस्वती जीवन प्रसंग से जुडे हुए घटनाओं पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सही उत्तर देने वाले आर्य वीर और वीरांगनाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर आर्य वीर दल राजस्थान के महामंत्री शिवदत्त आर्य व शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा सहित बडी संख्या में आर्य वीर व वीरांगनाए उपस्थित थे।

### बृजमोहन भाई को दी श्रद्धांजलि

**जालोर,** (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जालोर की शाखा में उनका ब्रह्माकुमार राजयोगी बृजमोहन भाई की श्रद्धांजलि सभा रखी गई। जालोर सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रंजू दीदी जी ने बताया कि बृजमोहन भाई जी का जन्म 1934 में हुआ ।उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात अपने 17 साल भारत उर्वरक निगम लिमिटेड में सेवाएं दी अपनी उसके पश्चात 1973 में आपने अपना पद को रिजाइन किया और पूर्ण रूप से ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन की सेवाओं में समर्पित हो गए। वर्तमान समय भाई जी ब्रह्माकुमारीज संस्थान के महासचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनका जीवन निष्काम सेवा, गहरी निष्ठा, और मर्यादित आचरण का जीता-जागता उदाहरण रहा। उन्होंने सदा ईश्वरीय ज्ञान के प्रचार-प्रसार में तन-मन-धन से सेवा की, अनेक आत्माओं को योग, ध्यान और आत्मशक्ति के मार्ग पर प्रेरित किया। बृजमोहन भाई जी की तस्वीर पर माला पहनकर बीके रंजू दीदी, बीके शिल्पा बहन व बीके ज्योति बहन बीके पुष्पा बहन डॉ जसवीर, डॉ दलीचंद पुंसल, एडवोकेट ललित , एडवोकेट जितेंद्र, भंवर लाल परिहार, विकास कुमार, गोपाल जी जोशी, उम्मेद सिंह चारण, गोवर्धन सिंह, सुनीता लांगुरिया, गुड्डी गौर ,आशा अरोडा, गोमती देवी , सूरज देवी, उर्मिला मेवाडा, ज्योति माता, रेखा माता, प्रियंका सुथार, गीता सुथार, दृष्टि, सिद्धार्थ, जयवर्धन सहित सभी ने पुष्पों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बृजमोहन भाई को श्रद्धांजलि दी।

### नागा बाबा की बगेची में कथा शुरू

**पाली,** (नि.सं.)। गोवत्स राधाकृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से नागा बाबा की बगेची के गणेश मंडप में भागवत कथा प्रारंभ हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागवत कथा का महत्व बताते हुए महाराज ने बताया कि जब संत मिलन हो जाए तो समझे प्रभु का मिलन होगा भागवत कथा सुनने से ही भवसागर को पार कर लेते हैं। परमेश्वर जोशी ने बताया कि कथा के मध्य में ओड चुनर में तो मैं तो गई सत्संग में थारो मारो न्याय हो वेला सत्संग में, कदम के पेड़ के नीचे का भजन पर श्रद्धालु झूमने लगे। कथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एवं 28 अक्टूबर तक कथा चलेगी। कथा में कथा मे सराफ परिवार के परिवारजन एवं प्रभात फेरीसंकीर्तन परिवार के लोग मौजूद थे।

# प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या का पर्दाफाश, आरोपी पकड़ा

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के रानीवाडा पुलिस ने बुधवार को गुमशुदा महिला की हत्या का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरपतार किया।

उक्त आरोपी के बीच में पिछले करीब 5 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था, किसी बात को लेकर दोनों के आपस में अनबन हो गई एवं आरोपी ने महिला का अपहरण कर उसको सरहद चरपटिया में सूने स्थान पर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी एवं सबूत नष्ट करने के लिये लाश को आग लगाकर जला दिया।

पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर 2025 को ताराराम पुत्र मसराराम जाति मेघवाल निवासी दुधवट तहसील रानीवाडा ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को सुबह करीबन 9 बजे घर से उसकी पत्नि गोमतीदेवी व उसका पुत्र यशपाल रानीवाड़ा हॉस्पीटल में दवाई लेने के लिए दूधवट स्टेशन से लसाराम पुत्र समेलाजी जाति मेघवाल निवासी मेडा की गाड़ी में सवार होकर रानीवाडा पहुंची थी, इसके बाद लसाराम उसके पुत्र को रानीवाड़ा में पंचायत समिति के सामने एक होटल पर बिङ्गाकर मेरी पत्नि को कहीं पर लेकर गया था, फिर मेरे पुत्र को दूधवट बस स्टेण्ड पर छोड दिया। इसके बाद मेरी पत्नि का कोई पता नहीं चला। लसाराम को हमने फोन किया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। वगैरा रिपोर्ट पर जांच व तलाश शुरू की गई।

रानीवाडा थानाधिकारी दीपसिंह निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी रानीवाडा के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने 20 अक्टूबर 2025 को संदिग्ध आरोपी लसाराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी मेड़ा को दस्तयाब कर पूछताछ की गई, तो आरोपी ने गुमशुदा महिला की हत्या करना कबूल किया। जिस पर संदिग्ध आरोपी लसाराम की निशादेही पर घटनास्थल चरपटिया से बिलड़ जाने वाली डामर सडक के पास सरहद चरपटिया में सडक के नीचे स्थित बरसाती सूखे नाले के लगे सिमेण्ट के पाईप के अन्दर से एक महिला के अधजले शव को बरामद किया गया। आवड़दान रत्नू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचोर एवं भवानीसिंह आरपीएस पुलिस उप अधीक्षक वृत रानीवाडा तुरन्त मौके पर पहुंचे एवं मौका मुआयना किया गया तथा घटनास्थल पर एफ.एस.एल टीम व एम.ओ.बी. टीम के द्वारा निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किये गये। आरोपी लसाराम के विरूद्ध मामला पंजिबद्ध किया जाकर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में गहनता से अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपी को डिटेन कर घटना के 02 दिन के भीतर ही हत्या का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी से हुई पूछताछ में यह सामने आया है कि गुमशुदा महिला एवं आरोपी के बीच में पिछले करीब 5 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था, किसी बात को लेकर दोनों के आपस में अनबन हो गई एवं आरोपी ने महिला का अपहरण कर उसको सरहद चरपटिया में सूने स्थान पर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी एवं सबूत नष्ट करने के लिये लाश को आग लगाकर जला दिया।

पुलिस ने बताया कि लसाराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल उम्र 47 वर्ष निवासी मेड़ा पुलिस थाना रानीवाड़ा जिला जालोर को गिरपतार किया।

# दीपोत्सव पर रोशनी से जालोर शहर जगमगाया

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिलेभर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव पर रोशनी से शहर से जगमगाया।

जालोर में दीपावली को लेकर लोगो में उत्साह नजर आया। सोमवार को दीपावली के पर्व को लेकर बाजारो में रौनक नजर आई। शहर के सुभाष मार्केट, सदर बाजार, गांधी चौक, सरदार पटेल मार्ग, मुख्य बाजार, माणक चौक, हरिदेव जोशी सर्किल, बाई पास , हॉस्पीटल चौराहा, नया बस स्टेण्ड सहित शहर भर के समस्त बाजारो में दिपावली पर्व को लेकर रोशनी से जग मग नजर आये। दीपोत्सव को लेकर लोगो ने शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन कर सुख समृद्धि एवं खुशहाल की कामना की। वही व्यापारियों ने अपने नये व्यापारिक खाता बही की शुरुआत शुभ मुहूर्त में की। लोगो ने रात्रि के समय आतिशबाजी कर आसमान को रोशनी से चकाचौंध कर दिया। वही इस बार मिष्ठान, पटाखे, कपडे व मोबाईल की दुकानो पर अधिक भीड नजर आई। दीपावली पर्व पर व्यापारियो ने भी इस बार दुकानो को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। वही दूसरे दिन एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा। तीसरे दिन बुधवार को गोवर्धन पूजन के दौरान लोगो ने गौ माता की पूजा अर्चना करने के साथ दान पुण्य किया। जिलेभर में दीपोत्सव का पर्व उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया।

**गुड़ामालानी संवाददाता के अनुसार :** राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत इस वर्ष दीपावली के अवसर पर अधिकांश राजकीय विद्यालयों में रंग-रोगन एवं रोशनी की व्यवस्था की गई।

इस पहल के तहत गुड़ामालानी के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष साज-सज्जा की गई। विद्यालय में रंगाई-पुताई के साथ दीपों और लाइटों से रोशन माहौल बनाया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण छा गया। हालांकि शिक्षा अधिकारियों के प्रयासों के बावजूद भी क्षेत्र के सभी स्कूलों में रंग रोगन व रोशनी की व्यवस्था नहीं हो पाई।

यूसीईओ एवं प्रधानाचार्य मोहनलाल विश्नोई, गोगाराम विश्नोई, प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान, व्याख्याता मोहनलाल विश्नोई, जगमालाराम कडवासरा और विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों ने इस पहल को राज्य सरकार का ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार ने राजकीय विद्यालयों में दीपावली जैसे सांस्कृतिक पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए औपचारिक निर्देश जारी किए। इससे न केवल विद्यार्थियों में उत्साह बढा बल्कि विद्यालयों की छवि भी सशक्त हुई। यह कदम शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों को स्वच्छ, आकर्षक और उत्सवमयी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# दीपोत्सव पर ढाई दिन में 36 जगहों पर लगी आग

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर शहर में दीपोत्सव पर जमकर आतिशबाजी हुई। इन दो रातों में शहर के दमकल स्टेशन की गाड़ियों के पहिए नहीं थम पाए। शहर भर में 36 स्थानों पर आग लगी है। जिसमें तीन स्थानों पर बड़ी आग की घटनाएं हुई।

बासनी फायर स्टेशन प्रभारी प्रशांत सिंह के अनुसार शहर में आज सुबह तक तकरीबन 35-36 स्थानों पर आग लग चुकी थी। जिसमें तीन स्थानों पर बड़ी आग की घटनाएं हुई। कुछेक स्थानों पर छोटी- मोटी आग की घटनाएं हुई जिन्हें काबू करने में मशक्कत नहीं करनी पड़ी, मगर बड़ी आग को काबू करने के लिए काफी प्रयास किए गए। अंततः काबू कर लिया गया।

शहर के भदवासिया फ्रूट मंडी में सोमवार देर रात अचानक लगी भीषण आग से हडक़ंप मच गया। आग इतनी तेज़ थी कि देखते ही देखते आसपास के कई हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह आग कचरे में मौजूद किसी बम, बारूद या रॉकेट जैसी चिंगारी से लगी होगी है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन मंडी परिसर में भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फायर विभाग ने क्षेत्र को सील कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाके जैसी आवाज़ के बाद आग की लपटें उठीं, जिससे आसपास दहशत फैल गई। निगम उत्तर फायर अधिकारी जयसिंह वह टीम मौके पर पहुंचे थे। सिवांची गेट पुष्करणा सोसाइटी के पीछे लगी आग लगने की घटना हुई।

घण्टाघर कपड़ा मार्केट की एक दुकान के छत पर लगने से अफरातफरी मची थी। जिसे बाद में जनसहयोग से बुझा दिया गया। फायर स्टेशन से भी गाड़ी यहां पहुंची थी। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड 21 सेक्टर सब्जी मंडी के पास सरस केबिन में भी भीषण आग लगी। पूरा केबिन जलकर नष्ट हो गया। सीएचबी थाने के मालखाने पर भी चिंगारी गिरी थी, मगर उसे पुलिस की सजगता से बुझा दिया गया।

एयरफोर्स ऑफिसर्स मैस चौराहा पर स्थित महालक्ष्मी डेयरी व पटाखें की दुकान पर रात करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक पटाखे जलने लगे और स्थिति बेकाबू हो गई। यहां आसपास के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन पटाखों में लगी आग फैलती चली गई। इसके बाद बासनी और शास्त्री नगर फायर स्टेशन से यहां पहुंची दमकलों ने आग को बुझाया।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने के निकट काफी समय पहले जब्त किए गए पुराने ट्रक में पड़े कचरे में भी आग लग गई। आग की लपटें उठती देख थाने का स्टाफ गया और पानी डालकर समय रहते आग बुझा ली। तब तक फायर ब्रिगेड भी यहां पहुंच गई। इससे यहां बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो थाना परिसर में रखे अन्य वाहनों में भी आग फैल सकती थी।

त्रिपोलिया बाजार में सजी लाइटें के बीच पर्दा आदि जलने से वहां एक बारगी क्षेत्र के लोगों में हलचल पैदा कर दी। हालांकि आस पास जमा हुए लोगों ने खुद ही पानी डालकर आग को बुझाया। सजावट स्थल पर तीन-चार जगहों से आग सुलग रही थी, बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां पहुंच गई।

मंगलवार- बुधवार की मध्य रात तीन बजे गांगाणा फांटा पर लकड़ी के एक गोदाम में भीषण आग की सूचना पर दमक लें पहुंची। जोकि सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा सकी।

## पुलिस की दबंगई का वीडियो वायरल हुआ

जोधपुर, (कासं) । शहर में पुलिस की दबंगई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने एक होटल कर्मचारी को जमकर पीटा। पुलिस वाले होटल में पहुंचे, कर्मचारी से पूछा-दारू पिया हुआ है, उसने मना किया तो गुस्सा हो गए। बोले-पुलिस के सामने दादागिरी करता है। इसके बाद पुलिसकर्मी होटल के रिसेप्शन एरिया में आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। बाद में उसका बाल पकडक़र होटल से बाहर लेकर आए और फिर से मारपीट की। स्टाफ गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। इसके बाद होटल के अन्य स्टाफ ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को सूचना दी। घटना ओलिंपिक रोड स्थित होटल रॉयल सनसिटी की सोमवार रात की है।

दरअसल, सरदारपुरा थाना पुलिस की गश्त गाड़ी में एसआई विश्राम मीणा और पुलिस कांस्टेबल रात के समय राउंड पर थे।

दीपावली की रात करीब एक बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि ओलिंपिक रोड पर कुछ युवक शराब पीकर हुड़दंग कर रहे हैं। इस पर पुलिस कांस्टेबल के साथ एसआई विश्राम मीणा मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही हुड़दंग कर रहे युवक मौके से भाग निकले। पुलिस पीछा करते हुए होटल तक पहुंची थी।

# इस्कॉन मंदिर पाली में गोवर्धन पूजा हुई

**पाली,** (नि.सं.)। हिंदू धर्म में हर त्योहार का अपना महत्व माना गया है। दीपावाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दौरान इस्कोन पाली में बुधवार को भक्तो द्वारा विभिन्न पकवानों का गोवर्धन जी को भोग लगाया तथा श्री गोवर्धन पर्वत बनाया गया। कथा कीर्तन व् अन्नुकुट का भोग लगाया गया।

इस्कॉन पाली के कार्तिक कृष्ण प्रभुजी ने बताया ये कार्तिक माह का विशेष दिन है, गोवर्धन पूजा का उत्सव भागवत पुराण में बताई गई पौराणिक कथाओं पर आधारित है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने वृंदावन के लोगों से कहा कि वर्षा के देवता इंद्रदेव को प्रसाद चढ़ाने के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाए। जब इंद्रदेव को इस बारे में पता चला तो वे क्रोधित हो गए और उन्होंने वृंदावन पर मूसलाधार बारिश करनी शुरू कर दी। इस बारिश ने जल्द ही भयावह रूप ले लिया. इस बारिश से वृंदावन वासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया। जिससे लोगों और जानवरों की इस भारी आपदा से रक्षा कर सकें। गोवर्धन पर्वत के नीचे 7 दिन तक सभी वृंदावन के वासी बारिश से बचने के लिए उसकी छाया में रहे। इसके बाद ब्रह्माजी ने इंद्रदेव को बताया कि पृथ्वी पर भगवान विष्णु ने ही श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया है। ऐसे में उनसे बैर लेना उचित नहीं. ये जानकर इंद्रदेव ने भगवान श्रीकृष्ण से माफी मांगी। फिर भगवान श्रीकृष्ण ने 7वें दिन गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा. फिर श्रीकृष्ण ने हर साल गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तब से लेकर अब तक गोवर्धन पूजा का उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस उपलक्ष पर इस्कॉन पाली द्वारा कथा, आरती, परिक्रमा, कीर्तन, नाट्यय कार्यक्रम इत्यादि कार्यक्रम हुए तथा सभी भक्तो ने श्री गोवर्धन जी के दर्शन आरती, व परिक्रमा कर प्रसाद लिया। इस तरह भक्त भाव विभोर होकर महिमा गुणगान किया।

## पटाखे जलाने से मना किया, केस की धमकी मिली

**जोधपुर,** (कासं) । एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अरविंद नगर में घर के बाहर पटाखें जलाने से मना करने पर कुछ लोगों ने दो परिवार के साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। आरोपियों ने एससी- एसटी केस में दर्ज कराने की धमकी भी दी।

पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने अब जांच आंरभ की है। घटना दिवाली की रात की है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि चंद्र शेखर पुत्र कंवरीलाल सुथार ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 20 अक्टूबर की रात में क्षेत्र में रहने वाले अरूण, प्रमोद, शुभम आदि उसके घर के आगे आकर पटाखें जला रहे थे। तब उन्हें घर के आगे पटाखें जलाने से मना किया तो वे मारपीट पर उतारू हो गए और घर की महिलाओं और बच्चियों से अभद्र भाषा में बात करने लगे। आरोपियों ने पड़ौसी से भी मारपीट की। आरोपी एससी एसटी केस के लिए धमकियां देने लगे।

# नाले के ऊपर लगी लोहे की ग्रिल टूटी, हादसे का डर

**धोरीमना,** (कासं)। धोरीमना नगर पालिका का मुख्य चौराहा पर नगर पालिका ऑफिस कोऑपरेटिव बैंक धनाऊ रोड सोनी बजार रामदेव का मंदिर वन विभाग ऑफिस सुलभ कंपलेक्स होने से प्रतिदिन सैकडो की संख्या में लोग आते जाते हैं।वहां पर पिछले 10 दिनों से नाली के ऊपर लोहे की रेलिंग टूट चुकी है। मुख्य चौराहा पर पांच रास्ते मिलते हैं। वहां पर गंदे पानी की नाली पर लोहे की बनी जाली लगी हुई थी, वह पिछले 10 दिनों से टूटकर खंड-खंड हो चुकी है। नाली में जाली न होने से आने जाने वाले छोटे बडे वाहन व राहगीर व नगरवासी ,इस खुले गंदे नाले पर बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

जयकिशन बिश्नोई ने कहा कि कई गाड़ियों के इस नाले में फंसने से टायर ट्यूब और व्हील टूट चुके हैं।कई लोग इस गंदे नाले के रेलिंग में फंसकर चोटिल हो चुके हैं। धोरीमना नगर पालिका के कार्यालय से मात्र सौ फीट की दूरी पर बना गंदा पानी का नाला जिसके ऊपर टूट चुकी लोहे की जाली पिछले कई दिनों से दुर्घटना का निमंत्रण दे रही है।

ग्रामीण हरजीराम ने बताया कि खास बात यह है कि नगर पालिका में रोड पर बने हुए नाले को दो से ढाई वर्ष भी नहीं हुई, सभी चौराहे के नाले टूट चुके हैं, उनके ऊपर की लोहे की जालियां टूट चुकी है। दुर्घटनाएं हो रही है। रमेश ने बताया कि खास ध्यान देने की यह बात है कि सड़क के ठेकेदार ने बनाई है तथा इंजीनियर की देखरेख में सड़क बनी है, नाले बने हैं। वहां पर एक बोर्ड के ऊपर इन सब का नाम और फोन नंबर लिखे होने चाहिए, वह भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। सरकारी नियम के अनुसार रोड बनाने वाले ठेकेदार का नाम इंजीनियर का नाम तथा उनके फोन नंबर लिखे होने चाहिए। वह भी यहां कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे हैं।

व्यापारी फरसाराम पुगलिया ने बताया कि और दूसरी बात इतनी घटिया सामग्री से सडक में नालियां बनी है कि 2 साल में सब कुछ टूट कर बडी दुर्घटना या किसी की मौत का भी कारण बन सकती है। नगर पालिका में जितने भी चौराहा है उन पर नाले बने हैं उनकी लगभग सभी जाली लोहे की टूट चुकी है। गिर चुकी है। नगर पालिका अधिकारी तथा रोड बनाने वाले ठेकेदार तथा संबंधित इंजीनियर इस पर तुरंत ध्यान देकर तुरंत नालों पर बनी लोहे की जालियों की मरम्मत व नालों की मरम्मत करवाए। यदि गंदे नाले और उसे पर बनी जालियां जल्दी ठीक नहीं हुई तो बहुत बडी भीषण दुर्घटना हो सकती है। इस टूटे फूटे नाले और जाली के बारे में गांव के प्रमुख लोगों ने भी अपने वक्तव्य दिए हैं।

# शहीदों को सलामी दी

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में आज पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को याद किया गया। पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधु के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीदों के नाम पढ़े गए और तीन बार फायर कर शोक सलामी दी गई। एसपी आदर्श सिद्धू, एएसपी विपिन कुमार शर्मा, एएसपी नरेन्द्रसिंह देवड़ा, एएसपी जयसिंह तोमर सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण भी किया गया। साथ ही एक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात की गई।

इस मौके पर सीओ सिटी राजेन्द्रसिंह उज्जवल, सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी, सीओ सुमेरपुर जितेंद्रसिंह, सीओ सोजत सिटी जेठू सिंह, कोतवाली प्रभारी जसवंत सिंह राजपुरोहित, सदर थानाप्रभारी कपूराराम, औद्योगिक थानाप्रभारी सुमेरदान चारण, टीपी नगर थानाप्रभारी सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस शहीद दिवस का महत्व बताते हुए, यह याद किया गया कि 1959 में चीनी सैनिकों के खिलाफ मातृभूमि की रक्षा करते हुए 10 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी शहादत को सम्मान देने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। यह दिन पुलिसकर्मियों के शौर्य, बलिदान और समर्पण की गौरवगाथा को याद दिलाता है।

# सजावट देखने पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**पाली,** (नि.सं.)। दीपावली का पर्व पाली शहर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की बाजारों में रौनक नजर आने लगी थी। कई बाजारों को भव्य तरीके से सजाया गया था।

व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों और घरों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया तथा प्रतिष्ठानों के बाहर दीपक लगाकर दीपावली का स्वागत किया।

इस विशेष अवसर पर पूरा बाजार रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से जगमगा उठा। व्यापारियों द्वारा की गई आकर्षक लाइटिंग और साज-सज्जा देखने लायक थी। रौनक को देखने और व्यापारियों से मिलने कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी शहर के भ्रमण पर निकले।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विधायक भीमराज भाटी, जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री, पुलिस अधीक्षक आदेश सिद्धू, सीओ सिटी सहित प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी सूरजपोल से सर्राफा बाजार तक पैदल भ्रमण पर निकले। सभी ने व्यापारियों से रामा-श्यामा करते हुए दीपावली की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

सांसद पी. पी. चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, महेंद्र बोहरा, भाजपा नेता नरेश ओझा सहित कई जने उपस्थित रहे। व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाई।

शहर के भीतरी बाजारों में दीपों की जगमगाहट, आकर्षक सजावट और उमड़ी भीड़ ने पूरे माहौल को त्योहारी रंग में रंग दिया।

दीपावली की रात व्यापारियों और शहरवासियों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में माँ लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी ने प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में परिवार, शहर और देश की समृद्धि की कामना की।

महालक्ष्मी मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। करीब आधा किलोमीटर तक लोग दर्शन के लिए पंक्तिबद्ध नजर आए।

# भगवान महावीर कल्याणक दिवस मनाया

**जोधपुर,** (कासं) । चौरड़िया भवन में भगवान महावीर कल्याणक दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया। श्रावक श्राविकाओं ने तप तपस्या की आराधना से भागीदारी निभाई।

आज उत्तराध्ययन सूत्र के 32 वेअध्ययन ''पमायग्रणं''की आराधना करते सुमति मुनि ने अपने नित्य प्रवचन मे कहा श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीव को प्रतिस्त्रोत- मैं चलना चाहिए। संसार की इच्छाओं का निरोध करते हुए सहनशीलता पूर्वक स्थिर रहना ही श्रेष्ठ है।

हमारी हर प्रवृति विवेक युक्त से निवृति एवं जाग्रति होनी चाहिये । करोड़ भवों के कर्म का क्षय करने के लिए लिए पहले पाप वृति को रोकना जरूरी है। फल रहित तपस्या करने पर कर्मों का क्षय होता है। जो तपस्या, आराधना तत्वज्ञान के रूप में परिणत हो जाय वह तप है। तप हमको पतन से बचाता है। क्षमा सहित तपस्या करने से निकाचित कर्म का क्षय हो जाता है।

जैसे चरण शरीर का वजन सहन करता है वैसे ही सदद्भभाव पूर्वक सहन कर मोक्ष मार्ग में चला जा सकता है ।

इससे पूर्व साध्वीश्री ने एक प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि रेल यात्रा के दौरान एक रात्रि का सर दर्द हो रहा था। सामने वैद्य बैठा था। उसने अपने पास से एक दवा देते हुए कहा कि यह ले लो। इस दवाई से आराम मिल जायेगा। यात्री ने कहा मैंने बड़े डाक्टरों से इलाज कराया, लेकिन ठीक नहीं हुआ तो तुम क्या कर सकते हो। अगले स्टैशन पर वैद्य उतर गया। यात्री की वेदना तेज हो गई। तब उसने वैद्य की दवाई ली एवं आराम आ गया।

उन्होंने कहा कि हमें संत की प्रेरणा कभी अस्वीकार करनी। संत की प्रेरणा में जीव का हित ही छुपा रहता है।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि इस वेला में अधिक से अधिक श्रावक श्राविकाओं ने बेले तप की आराधना की।

जयमल पाठशाला के सैंकड़ों बच्चों के उत्साहित होकर ज्ञान शिविर में भाग लिया। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

# कई जगह चोरियां हुई

**जोधपुर,** (कासं) । दीपोत्सव के चलते कई घर सूने रहे। चोरों ने रैकी कर तीन मकानों और एक गौशाला स्थल पर सैंध लगाकर लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया।

चोरी की यह घटनाएं उदयमंदिर, देवनगर, हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र, बोरानाडा में हुई है।


**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगरपालिका, खुडाला-फालना स्टे. तह.-बाली, जिला-पाली (राज.)**

कमांक / न.पा.खु.फा. / कृ.भू. / 2025-26 / 3437 दिनांक : 16.10.2025

**आपत्ति सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का कृषि भूमि से गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है

अर्थात् :-

| खातेदार का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री सुरेश कुमार पुत्र छगनलाल धोका | तहसील बाली जिला-पाली (राज.) | खुडाला फालना | 990, 991 | 2.43 है. मे से 2030 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| श्री ललित कुमार पुत्र छगनलाल धोका | तहसील बाली जिला-पाली (राज.) | खुडाला फालना | 990, 991 | 2.43 है. मे से 2320 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| श्री सुरेश कुमार पुत्र छगनलाल धोका | तहसील बाली जिला-पाली (राज.) | खुडाला फालना | 990, 991 | 2.43 है. मे से 2464 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| श्री महेन्द्र कुमार पुत्र छगनलाल धोका | तहसील बाली जिला-पाली (राज.) | खुडाला फालना | 990, 991 | 2.43 है. मे से 3400 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..................... को जारी की गयी।

राज.संवाद / सी / 25 / 12525 **अधिशाषी अधिकारी**